वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान में मनाये गये हिन्दी कार्यशाला का रिपोर्ट

वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर राजभाषा के प्रचार-प्रसार के लिये निरन्तर प्रयास करती आ रही है। राजभाषा के प्रयोग में निरन्तरता लाने के लिये सभी कर्मचारियों को फायलों में राजभाषा का प्रयोग करने का निर्देश दिया गया है और फायलों में प्रयोग किये जाने वाले द्विभाषिक टिप्पणियों की सूची सभी कर्मचारियों को दी गई। फायलों में टिप्पणी लिखने वालों को प्रोत्साहन करने के लिये प्रोत्साहन योजना का प्रारम्भ किया गया है। संस्था में नियमित रूप से राजभाषा कार्यान्वयन समिति का आयोजन किया जाता है एवं नराकास, कोयम्बत्तूर की बैठकों में संस्था की नियमित भागीदारी रहती है।

वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन 26 मई 2015 को किया गया। कार्यशाला का विषय था – **"सरकारी कार्यलयों में हिन्दी का महत्व एवं आई.टी.टूल्स पर हिन्दी में कार्य"।** इस विषय पर विस्तार से चर्चा करने के लिये श्री विक्रम सोनी, सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना, कोयम्बत्तूर को आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ.बी.गुरुदेव सिंह, हिन्दी समिति के अध्यक्ष ने सभी का स्वागत किया। श्री आर.एस.प्रशांत,भ.व.से., निदेशक जी ने हिन्दी के महत्व पर सुन्दर भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने हिन्दी के महत्व को बताते हुए कहा कि हिन्दी के प्रयोग में सभी को ध्यान देना चाहिए एवं भारत सरकार के द्वारा हिन्दी के प्रयोग हेतु बनाये गये नियमों का पालन करना चाहिए और उनके द्वारा बनाये गये प्रेरणादायक योजनाओं का लाभ उठाना चाहिये।

उसके बाद मुख्य अथिति श्री विक्रम सोनी जी ने कार्यशाला का प्रारम्भ किया। इस कार्यशाला के अंतर्गत उन्होंने राजभाषा के नियम एवं प्रावधानों का संक्षिप्त परिचय दिया और आई.टी.टूल्स पर हिन्दी में आसानी से कैसे कार्य किया जा सकता है? इसकी विस्तार से चर्चा की। यूनिकोड के प्रयोग से हिन्दी में टाइपिंग करने की विधि को समझाया। फिर कर्मचारियों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब देकर अपने भाषण को समाप्त किया। निदेशक जी ने मुख्य अथिति को अपने कमल ह्स्थों से एक सुन्दर मोमेन्टो भेंट किया।

अन्त में श्रीमती पूंगोदै कृष्णन, हिन्दी अनुवादक ने सभी को धन्यवाद देकर इस कार्यक्रम को सफल रीति से सम्पन्न किया।

सभी का स्वागत करते हुए

निदेशक जी का भाषण

मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यशाला के विषय पर चर्चा

मुख्य अथिति को मोमेन्टो देते हुए

सभी को धन्यवाद देते हुए

सभा में उपस्थित कर्मचारियाँ